## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिलासपुर-मरवाही में बाघिन की दहाड़ से दहला पूरा इलाका

**मरवाही-रायपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर और मरवाही वनमंडल की सीमा पर बाघिन विचरण करते हुए नजर आई है. बीती रात खोंगसरा भनवारटंक होते हुए गौरेला मार्ग में राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने बाघिन का वीडियो बनाया है. वहीं दूसरी ओर बाघिन के इंसानी आबादी के बेहद करीब होने से वन विभाग की चिंता बढ़ गई है. बता दें कि महीने भर से बाघिन मरवाही, कोरबा और बिलासपुर वनमंडल की सीमा में विचरण कर रही है. बताया जा रहा है कि माह भर पहले मध्यप्रदेश के कान्हा किसली से निकली यह बाघिन अपना नया ठिकाना ढूंढ रही है. इस बाघिन को चिरमिरी के जंगल से रेस्क्यू कर अचानकमार टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया था. वहां से बाघिन निकलकर एक बार फिर मरवाही वनमंडल के जंगल में लगातार बनी हुई है।

### लेबर सप्लाई के नाम पर 46 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** लेबर सप्लाई करने के नाम पर 46 लाख की अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल कुमार गर्ग 36 वर्ष सिंगापुर सिटी कोटा का रहने वाला है। प्रार्थी ने गंज थाना में शिकायत किया कि आरोपी अफसर अली ने प्रार्थी के कंपनी में लेबर सप्लाई करने के नाम पर प्रार्थी से 46 लाख 20 हजार रुपए ले लिया और लेबर का सप्लाई नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर गंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

### 76.33 टन सरिया लेकर लाखों की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** फर्जी इमेल आईडी के माध्यम से सीआई लूम्स कंपनी से 76.33 टन सरिया लेकर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश वेदुला 37 वर्ष टाटीबंध का रहने वाला है। प्रार्थी का सीआई लूम्स नाम से कंपनी है। बताया जाता है कि आरोपी हितेश गोयल ने गुजरात के गौतम टेको फास्ट कंपनी का फर्जी इमेल आईडी के नाम से प्रार्थी को सरिया आर्डर का रसीद भेजकर 76.33 टन सरिया खरीद लिया और पैसे का भूगतान नहीं किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ईंधन लेकर जा रहे टैंकर में लगी आग, चालक की मौत


**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर से बलौदा बाजार की ओर आ रहे एक डीजल-पेट्रोल से भरे टैंकर में पलारी थाना के गोंडा पुलिया के पास अचानक आग लग गई. बीती रात हुए इस हादसे ने इलाके में हडक़ंप मचा दिया. आग इतनी भीषण थी कि दोनों ओर ट्रैफिक पूरी तरह से ठप हो गई और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. बताया जा रहा है कि सडक़ के किनारे खड़े ट्रक से टैंकर की टक्कर होने के कारण आग लगी है. इस हादसे में टैंकर चालक की जलकर मौत हो गई। नेशनल हाईवे 130बी रायपुर-बलौदा बाजार रोड पर ग्राम गोंडा और कोदवा के बीच में भीषण हादसा हो गया. सडक़ किनारे खड़े ट्रक में ऑयल टैंकर की जोरदार टक्कर से ऑयल टैंकर जल कर पूरी तरह से राख हो गया. बताया जा रहा है कि देर रात हुए इस हादसे से आग इतनी तेज फैली कि गोंडा पुलिया पर दोनों तरफ के रास्ता बंद हो गया। जिससे दोनों तरफ वाहन फंस गए. यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. हालांकि सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल की टीम घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना के दौरान पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी और लोगों से घटनास्थल से दूर कर सफर आगे जारी रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की जानकारी दी. हालांकि इस घटना के बाद देर रात तक यात्री ट्रैफिक जाम में फंसे रहे.

# पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दुड़मा वाटरफॉल

- प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण 'दुड़मा वाटरफॉल' ने बनाई अलग पहचान
- मनमोहक दृश्य देखने बड़ी संख्या में पहुँच रहे पर्यटक

**सुकमा । आरएनएस**





विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में पर्यटन के विकास एवं संभावना को समझते हुए पर्यटक स्थलों को विकसित किया जा रहा है। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में पर्यटन को एक नई पहचान मिली है। स्थानीय लोगों के साथ ही अन्य जिलों से भी लोग छत्तीसगढ़ की इस प्राकृतिक खूबसूरती को निहारने पहुँच रहे हैं। पर्यटन एक ऐसी यात्रा है जो न केवल हमें नये स्थानों से परिचित कराती है बल्कि हमारे सोच को भी समृद्ध बनाती है। पर्यटन हमें नये अनुभव के साथ ही नये लोगों से मिलने का अवसर प्रदान करती है। छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला भी अपनी प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध है। जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन स्थलों को संवारने जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा पहल की जा रही है।

सुकमा जिले में एक ऐसा ही प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण जलप्रपात है, जिसे लोग दुड़मा (हिकमीरास) के नाम से भी जानते हैं। दुड़मा वाटरफॉल सुकमा के नजदीक सबसे अधिक देखी जाने वाली जगहों में से एक है। यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता और दर्शनीय स्थलों के साथ पर्यटन को आकर्षित करता है। यह जिला मुख्यालय सुकमा से लगभग 28 किमी की दूरी पर छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत चिपुरपाल में पड़ता है। दुड़मा वाटरफॉल ने अपनी प्राकृतिक सुंदरता से छत्तीसगढ़ के पर्यटन में विशेष पहचान बनाई है।यहाँ एक ओर पानी, दूसरी ओर जंगल होने से ठंडकता बनी रहती है, जिससे वर्ष भर लोग मनोरम दृश्य का आनंद लेने आते हैं।दुड़मा वाटरफॉल प्राकृतिक सुंदरता को देखने आने वाले पर्यटकों के लिए काफी चर्चित हो चुका है।

दुड़मा की प्राकृतिक सुंदरता ने वीडियो मेकर्स, सोशल मीडिया इंफलुएंसर को अपनी ओर आकर्षित किया है, जिन्होंने इस जगह को और खास बना दिया है। दुड़मा में पिकनिक मनाने पहुँचे मडियम सोड़ी ने बताया कि मुझे इस जगह की प्राकृतिक खुबसुरती के बारे में कई लोगों ने बताया था। आज मैं अपने परिवार के साथ पिकनिक के लिए आया हूँ। हम सभी को यह जगह वाकई में बहुत बेहतरीन लगा है। इसी प्रकार दंतेवाड़ा जिले से अपने दोस्तों के साथ पहुँचे मनसा बघेल ने बताया कि मुझे इस जगह की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है। मैंने अपने दोस्तों को इस जगह के बारे में बताया और हम सब जलप्रपात को देखने आ गए। हम सभी यहाँ पर खूब नहाए। हमे यहाँ आकर बहुत अच्छा लग रहा है।

जिला प्रशासन सुकमा और पर्यटन विभाग द्वारा दुड़मा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी बेहतर ढंग से की गई है। यहाँ तक पक्की सडक़, मिनी गार्डन, दुकान, पेयजल, शौचालय, सहित बैठक आदि की भी व्यवस्था की गई है।

## पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्कूली बसों की चेकिंग की गई

**रायपुर । आरएनएस**




दिनांक 05.01.2025 को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अति. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में परिवहन उप निरीक्षक श्रीमति प्रभा तिवारी एवं परिवहन स्टॉफ एवं यातायात पुलिस उनि अनिल तिवारी, प्र.आर. हेमराय चन्द्रवंशी की उपस्थिति में संयुक्त रूप से 95 स्कूली बसों का भौतिक सत्यापन एवं दस्तावेज चेकिंग किया गया। जिसमें 02 स्कूली बस अनफिट पाया गया जिससे 7000/- रूपये जुर्माना वसूला गया। माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा निर्देशानुसार स्कूल बसों का चेकिंग किया गया जिसमें

स्कूली बस का पीला होना,

बस की खिड़कियों में समानांतर जॉली लगा होना,

प्रत्येक स्कूल बस में प्राथमिक उपचार पेटी एवं अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होना।

एक प्रशिक्षित परिचालक का होना जो बच्चों को उतारने एवं चढ़ाने में सहायता करेगा।

स्कूली बस चालकों को भारी वाहन चलाने का 05 वर्ष का अनुभव होना।

प्रत्येक स्कूल बस में सीट के नीचे बस्ता रखने पर्याप्त स्थान होना।

बस में स्पीड गर्वनर लगा होना।

स्कूल बस का प्रवेश द्वार विश्वसनीय लॉकिंग सिस्टम से युक्त होगा।

प्रत्येक स्कूल बस के दाहिनी ओर एक आपातकालीन दरवाजा होना, जो हमेशा अच्छी स्थिति में बंद रहेगा, जिसे केवल आपातकालीन स्थिति में ही खोला जायेगा।

प्रत्येक स्कूल बस में वैध बीमा प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र एवं कर जमा होने का प्रमाण पत्र होना।

स्कूल बसों का 12 वर्ष से अधिक पुरानी नही होना।

स्कूली बस चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सभी स्कूली बस संचालकों से अपील है, कि विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें, यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहे।

## अगले दो दिनों तक जारी रहेगा ठंड का सितम

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंडी का दौर जारी है. पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के चलते राज्य में अच्छी ठंड पड़ रही है. तापमान में गिरावट के कारण लोगों को दिन में भी गर्म कपड़े निकालने पड़ रहे है. आज भी प्रदेश में न्यूमतम तापमान में बढ़ोतरी होगी. मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में अगले दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा. शुक्रवार को सबसे ज्यादा तापमान 32 डिग्री तापमान सुकमा में और सबसे कम तापमान 5.2 डिग्री बलरामपुर में दर्ज किया गया है.

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी क्षेत्र में शीतलहर जैसी परिस्थिति बन सकती है. न्यूमतम तापमान में बढ़ते क्रम में रहेगा. राजधानी में भी मौसम साफ रहने की संभावना है. छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है. अगले 2 दिनों में 2-3 डिग्री सेल्सियस की मामूली वृद्धि होने की सम्भावना है. राजधानी रायपुर में आज मौसम साफ़ रहने वाला है. आज अधिकतम तापमान 29 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है. दो दिनों के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलने की संभावना है.

## अबूझमाड़ में एनकाउंटर, 4 वर्दीधारी नक्सली ढेर

- मुठभेड़ में डीआरजी का प्रआ शहीद

**दंतेवाड़ा-रायपुर । आरएनएस**



दक्षिण अबूझमाड़ में नक्सलियों के साथ चल रहे मुठभेड़ में दंतेवाड़ा डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हो गए हैं. वहीं सर्च ऑपरेशन के दौरान अब तक 4 वर्दीधारी नक्सलियों का शव बरामद हुआ है. इसके अलावा एके-47, एसएलआर जैसे आटोमैटिक हथियार बरामद हुआ हैजानकारी के अनुसार, नक्सल विरोधी सर्च अभियान में 3 जनवरी को नारायणपुर, दंतेवाड़ा, जगदलपुर, कोंडागांव जिले की डीआरजी के साथ एसटीएफ की संयुक्त पार्टी अबूझमाड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी. नक्सलियों की मौजूदगी को देखते हुए 4 जनवरी की शाम से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के मध्य रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है.मुठभेड़ में डीआरजी के जवान के शहीद होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक जताते हुए सोशल मीडिया में किए अपने पोस्ट में कहा कि मुठभेड़ में डीआरजी के जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम के शहीद होने की भी दु:खद खबर प्राप्त हुई है. उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा, नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबल के जवान बहुत ही मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं, और उसके खात्मे तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

## कसडोल पुलिस ने जबरदस्ती पैसे उगाही करने की धमकी देकर परेशान करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**कसडोल । आरएनएस**

आरोपी द्वारा प्रार्थिया को 25 लाख रुपए नही देने पर, मारने पीटने एवं फ ोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करता था परेशान

दिनांक 02.01.2025 को प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसे पैसे की जरूरत होने पर इंडियन बैंक शाखा कसडोल से ?3,00,000 लोन लेने के संबंध में आरोपी दिलीप दास मानिकपुरी से पूछताछ की, तो आरोपी द्वारा उसे बैंक से लोन दिलाने का विश्वास दिलाया गया। तब प्रार्थिया द्वारा आरोपी के सांथ इंडियन बैंक से 3,00,000 का लोन लिया गया। तब बैंक द्वारा उसे 1,00,000 नगद एवं ?2,00,000 का डीडी बनाकर तथा चेक बुक दिया गया। दिलीप दास द्वारा उसके चेक बुक में से 03 चेक को प्रार्थिया से हस्ताक्षर करवा कर रख लिया गया था। उसके बाद आरोपी द्वारा 25 लाख रुपए दो कहकर प्रार्थिया को बार-बार फोन कर परेशान करता था। कुछ दिन पहले प्रार्थिया को नोटिस के माध्यम से पता चला कि आरोपी दिलीप दास उससे 25 लाख रुपए वसूल करना चाहता है, किंतु आरोपी से कभी भी 25 लाख रुपये प्रार्थिया ने नहीं लिया है। आरोपी दिलीप, प्रार्थिया से जबरदस्ती 25 लाख रुपए उगाही करने के लिए मारने, पीटने एवं नहीं देने पर प्रार्थिया का फोटो वीडियो वायरल कर देने की, फोन से धमकी देकर परेशान करता था। कि रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 02/2025 धारा 308(2) बीएनएस एवं 66(ई) आईटी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दिलीप दास मानिकपुरी को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा प्रार्थिया को 25 लाख रुपए की उगाही करने के लिए बार-बार फोन करके परेशान करना एवं धमकी देना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 05.01.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपी- दिलीप दास मानिकपुरी उम्र 42 साल निवासी ग्राम साबर थाना कसडोल

## अटकलों पर विराम : 10 जनवरी से पहले होगा मंत्रिमंडल का विस्तार, दो से तीन मंत्री लेंगे शपथ

**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय सरकार के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार 10 जनवरी से पहले हो सकता है। खबर है कि दो मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी चल रही है। हालांकि हरियाणा के फार्मूले पर तीसरे मंत्री के लिए भी सकार विचार कर रही है। क्षेत्रीय संतुलन साधने के हिसाब से रायपुर, बिलासपुर और बस्तर से मंत्री बनाए जा सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ में दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री के साथ 12 मंत्रियों ने शपथ ली थी। मंत्री का एक पद खाली रखा गया था। इसी बीच लोकसभा चुनाव के पहले सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस वजह से सरकार में मुख्यमंत्री के साथ 11 मंत्री हो गए थे। इस तरह वर्तमान में पारंपरिक तौर पर दो मंत्रियों की जगह खाली है।

उच्च पदस्थ सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार इस बात पर भी विचार कर रही है कि यहां भी हरियाणा की तरह 13 मंत्री बनाए जाएं। हरियाणा में भी 90 सदस्यों की विधानसभा है। लेकिन यहां कभी भी 13 मंत्री नहीं बनाए गए। अब अगर सरकार हरियाणा का फार्मूला लागू करती है तो मंत्रियों की संख्या 13 हो जाएगी। लिहजा इस संबंध में सरकार अभी विचार कर रही हैं।

**राज्य में ये हैं मंत्री पद के बड़े दावेदार**

छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास कई वरिष्ठ और अनुभवी विधायक और पूर्व मंत्री रह चुके विधायक भी हैं, जिन्हें साय सरकार में भी मंत्री पद का दावेदार माना जा रहा है। इन नामों में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर के नाम हैं। इसी क्रम में मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरणदेव का भी नाम दावेदारों में लिया जा रहा है। पहली बार विधायक बनने वालों में महिला विधायक भावना बोहरा, पंडरिया और दुर्ग ग्रामीण के विधायक गजेंद्र यादव का नाम भी मंत्री पद के लिए लिया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।


**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में बनेंगे 4 नए छात्रावास : विशेष पिछड़ी जनजाति बच्चों को अब पढ़ाई में नहीं होगी असुविधा, आवासीय छात्रावास का मिलेगा लाभ

- मुख्यमंत्री ने पीएम जनमन योजना के तहत बनने वाले छात्रावास का किया शिलान्यास
- वनांचल क्षेत्र धवलपुर, जिडार, जुगाड़ एवं पीपरछेड़ी में बनेगा सर्वसुविधायुक्त छात्रावास

**गरियाबंद । आरएनएस**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष पहल से जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बच्चों को अब पढ़ाई में असुविधा नहीं होगी। उन्हें आवासीय छात्रावास का लाभ मिलेगा। जिससे उनके आगे की पढ़ाई जारी रहेगी और भविष्य भी बेहतर होगा। दरअसल आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गरियाबंद में आयोजित लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में जिले को 338 करोड रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। इसके अंतर्गत मुख्यमंत्री ने पीएम जनमन योजना के तहत 4 नए छात्रावास का शिलान्यास किया।यह छात्रावास जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र धवलपुर, जिडार, जुगाड़ एवं पीपरछेड़ी में बनेगा। उक्त स्थानों में कुल 10 करोड़ रुपए की लागत से 4 नए सर्वसुविधायुक्त छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। छात्रावास में बच्चों के रहने और पढ़ाई के लिए सभी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पुस्तकालय एवं कंप्यूटर कक्ष का भी निर्माण किया जाएगा। गरियाबंद जिला जनजाति सदस्य बाहुल्य है। यहां विशेष पिछड़ी जनजाति कमार एवं भुंजिया जनजाति भी निवासरत है। जो कि अधिकतर वनांचल क्षेत्र में निवास करते हैं। उनके बच्चों के पढऩे के लिए स्थानीय स्तर पर ही बेहतर सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा पहल करते हुए जनजाति सदस्य के बच्चों को उनके गांव के आसपास ही पढ़ाई की बेहतर सुविधा प्रदान करने नई आवासीय छात्रावास की स्वीकृति दी गई है। इसके माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के बच्चों को अपने घर के आसपास ही छात्रावास में रहकर पढऩे का अवसर मिलेगा। उन्हें जिला मुख्यालय या दूरस्थ जगह जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। छात्रावास के बन जाने से वनांचल क्षेत्र के हजारों बच्चे बेहतर शिक्षा पाकर आगे बढ़ पाएंगे।